प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

25 जनवरी 2024

दक्षिणी क्षेत्र के चुनिंदा शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के निदेशकों का सम्मेलन

यूसीबी के निदेशकों के साथ निरंतर सहबद्धता के भाग के रूप में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 24 जनवरी 2024 को हैदराबाद में दक्षिणी क्षेत्र के चुनिंदा यूसीबी के निदेशकों का एक सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का विषय था 'यूसीबी में सुशासन: साइबर खतरों का मुकाबला करना और आघात-सहनीयता बढ़ाना'। सम्मेलन में कार्यपालक निदेशक और पर्यवेक्षण विभाग, विनियमन विभाग के अन्य अधिकारियों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशकों सहित भारतीय रिज़र्व बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। रिज़र्व बैंक इससे पहले अगस्त 2023 में मुंबई में बड़े यूसीबी के निदेशकों के साथ बैठक कर चुका है।

उप गवर्नर श्री स्वामीनाथन जे ने अपने मुख्य भाषण में वित्तीय समावेशन को गहन बनाने में यूसीबी की महत्वपूर्ण भूमिका और यूसीबी क्षेत्र के आघात-सहनीयता को बनाए रखने के लिए सक्रिय उपायों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने साइबर सुरक्षा और परिचालनगत आघात-सहनीयता के साथ-साथ यूसीबी क्षेत्र में क्षमता संवर्धन को मजबूत करते हुए सुशासन, प्रौद्योगिकी को अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

सम्मेलन के दौरान चर्चा, साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने, साइबर जागरूकता की संस्कृति को विकसित करने तथा साइबर हमलों से बचाव और प्रतिक्रिया देने के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने के तरीकों पर केंद्रित रही। सम्मेलन में कार्यपालक निदेशक का संबोधन तथा प्रतिभागियों एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक खुले मंच पर संवादात्मक सत्र शामिल था।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1736